तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

13 5 वर्षों से बदहाल सड़क, कीचड़-पानी से जूझते हैं...



14 बदहाल आंगनबाड़ी केंद्र, 18 वर्षों से पंचायत...





**आवश्यकता है**
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
**काका होजियरी**
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

# पीएम सूर्यघर योजना से घर में ही 300 यूनिट तक बिजली का होगा उत्पादन

## कलेक्टर ने लोगों को जागरूक करने सूर्य रथ वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केन्द्र सरकार द्वारा लोगों के घर में ही बिजली उत्पादन कर उन्हें मुफ्त बिजली का लाभ देने प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत लोगों को अपने घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर बीएस उइके ने लोगों को पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में जागरूक करने सूर्य रथ जागरूकता वाहन को कलेक्टर परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

■ योजना अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट लगाकर मुफ्त बिजली का ले सकेंगे लाभ



### लोगों को पीएम सूर्यघर योजना का दिलाएं लाभ

कलेक्टर श्री उइके ने पीएम सूर्यघर योजना के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को योजना का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने लोगों को शासन की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर योजना का लाभ दिलाने सक्रियता के साथ कार्य करने के लिये निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि इस योजना के तहत घर में ही सोलर सिस्टम के माध्यम से बिजली पैदा होगी। जिससे लोगों को निःशुल्क बिजली का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि योजना से जोड़ने अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना के बारे में जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें योजना के तहत आवेदन करने और सोलर सिस्टम लगाने प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने समयबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाकर सभी उपभोक्ताओं से संपर्क कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी क्षेत्रों में विशेष कैम्प लगाकर बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि गरियाबंद जिले में वर्तमान में 109 नग रूफटॉप कनेक्शन स्थापित किये जा चुके है। साथ ही 459 उपभोक्ताओं द्वारा वेंडर चयन किया जा चुका है। जिन्हे शीघ्र ही कनेक्शन प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है।

जागरूकता वाहनों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में ऑडियो संदेश, पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स के माध्यम से लोगों को इस योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जायेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री उइके ने लोगों को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए अपने घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की अपील की। इस योजना से घर में ही बिजली उत्पादन होने से मुफ्त बिजली का लाभ मिल सकेगा। घर में सोलर सिस्टम लग जाने से सूर्य की रौशनी से ऊर्जा का उत्पादन होगा। जिससे लोगों को घरेलु उपयोग के लिए मुफ्त में बिजली मिल सकेगी। इस योजना के तहत तीन किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयत्र स्थापित करने से प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई

**झलप।** पटेवा पुलिस ने ग्राम पचरी निवासी छत्रपाल को अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा है। पुलिस ने उसके घर के शौचालय से 15.3 लीटर अवैध शराब जब्त की। एक अन्य कार्यवाही में ग्राम मानपुर निवासी नंद किशोर बघेल और एक नाबालिक लड़के को 8 लीटर शराब तथा दोपहिया वाहन की जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34/2 की कार्रवाई की गई।

### बस स्टैंड में मारपीट

**महासमुंद।** बस स्टैंड में मारपीट की घटना को लेकर सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सौरभ शर्मा निवासी भलेसर रोड ने बताया कि 13 सितंबर की रात्रि 9 बजे वह अपने भाई करण शर्मा की दुकान बस स्टैण्ड के पास था, उसी समय सौरभ यादव, योगी चंद्रकर, चंदन चंद्राकर तीनो आये और उसके भाई करण शर्मा से किसी बात को लेकर विवाद करने लगे, तब उसने समझाया। इसके बाद वे तीनों बस स्टैंड पानी टंकी के पास सौरभ पान ठेला चले गए, इसके बाद प्रार्थी अपने भाई करण शर्मा के साथ सौरभ पान ठेला के पास पहुंचा, तब तीनों आरोपियों ने हम लोगों को देख कर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दुकान से एसी का पाइप चोरी

**महासमुंद।** नगर के गुलशल चौक आंबेडकर स्कूल के पास स्थित बोरवेल्स दुकान में लगा एसी का पाइप किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस को प्रार्थी कुणाल रंगारी पिता स्व यशवंत रंगारी ने बताया कि गुलशन चौक अंबेडकर स्कूल के पास स्थित उसके बोरवेल्स दुकान से किसी अज्ञात चोर ने एसी का आउटर एवं पाइप कीमत 10000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। कोतवाली में अज्ञात चोर के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बम्हनी में मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में मारपीट की घटना के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया कंचन जांगड़े वार्ड नंबर 12 ग्राम बम्हनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि घर में सरकारी नल लगा है, जिसका पानी घर के सामने गली से निकलता है। 13 सितंबर की शाम करीब 7 से 7.30 बजे पड़ोस के इंद्रा रात्रे ने अपने परिवार के साथ उसके घर आकर कहा कि तुम अपने घर का पानी गली में निकालते हो, आज के बाद तुम्हारे घर के पानी गली में नहीं निकलना चाहिये। इस पर प्रार्थिया ने उन लोगों से कहा कि घर के बड़े लोगों को बोलना। इसके बाद प्रार्थिया के परिवार वालों ने गांव के सरपंचपति घनश्याम, अध्यक्ष गणेशु महिलांग को बुलाया थे। तभी इंद्रा रात्रे अपने परिवार के भानुप्रताप रात्रे एवं विनय ढीढी के साथ आई। जिन्हें गांव के लोग समझा रहे थे, तभी इंद्रा रात्रे और भानुप्रताप रात्रे ने प्रार्थिया से मारपीट की। बीच बचाव करने जब उसका देवर कोमल जांगडे आया तो उसे विनय ढीढी ने दांत से दाहिना कमर के ऊपर को भाग को काट लिया।

## समस्या : बारिश में पुल-पुलिया के अभाव से मरीजों को खाट पर उठाकर अस्पताल तक ले जाने की नौबत

# जांगड़ा पंचायत में सड़क निर्माण 8 माह से बंद, गड्ढों से लोग हो रहे हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर में, 78 वर्षों के बाद भी, कई गांवों में सड़क और पुल-पुलिया का अभाव है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हीरा खदान क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध जांगड़ा पंचायत है, जहाँ के ग्रामीण आज भी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। जांगड़ा पंचायत के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बताया कि नेशनल हाईवे 130 सी डूमरपड़ाव से जांगड़ा तक 4.70 किमी सड़क का निर्माण कार्य दिसंबर 2024 में शुरू किया गया था। यह कार्य 29 दिसंबर 2025 तक पूरा होना था, लेकिन ठेकेदार ने केवल एक महीने काम करने के बाद इसे अधूरा छोड़ दिया। सड़क पर सिर्फ मिट्टी डालकर छोड़ देने से बारिश के मौसम में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। कहीं-कहीं तो मिट्टी बह गई है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीण और स्कूली छात्र आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बारिश में पुल-पुलिया के अभाव में मरीज को खाट पर उठाकर अस्पताल तक ले जाना पड़ता है। गाँव में उप-स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन वहाँ नर्स तक नहीं है।







### बिजली की कमी और अन्य समस्याएं

जांगड़ा, पायलीखंड, कुर्रूभाठा, बरगाँव और डूमरपड़ाव जैसे गाँवों में आज भी बिजली की रोशनी नहीं पहुँच पाई है। यहाँ के ग्रामीण आजादी के बाद से बिजली की मांग कर रहे हैं। हालाँकि, सौर ऊर्जा लगाई गई है, लेकिन पुराने उपकरण होने के कारण वे सिर्फ कुछ घंटों तक ही चल पाते हैं। इसके बाद ग्रामीणों को लालटेन की रोशनी में रात गुजारनी पड़ती है। जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाठकर से इस बारे में बात की गई, तो उन्होंने बताया कि बारिश के कारण सड़क निर्माण कार्य बंद है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि 20-25 दिनों के बाद कार्य फिर से शुरू कर दिया जाएगा। हालाँकि, ग्रामीणों को इस आश्वासन पर ज्यादा भरोसा नहीं है, क्योंकि वे कई बार अपनी समस्या को लेकर विधायक और अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जांगड़ा पंचायत और उसके आश्रित गाँवों की इन समस्याओं को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि विकास के दावों के बावजूद, जमीनी हकीकत काफी अलग है।





# आधी रात किराना दुकान में धावा चोरों ने उड़ाए रुपए और सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा के गांधी चौक क्षेत्र में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। पुराना पंचायत भवन के पास स्थित साक्षी किराना दुकान में आधी रात करीब 1 से 2 बजे के बीच दो नकाबपोश चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने गल्ले से 5 हजार रुपए नकद, बीड़ी-सिगरेट समेत कुछ किराना सामान चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। चोरी की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों आरोपी युवक नकाब पहने गांधी चौक की ओर से आते हैं। इनमें से एक काले कपड़े और जींस में तथा दूसरा नीली जींस और हल्के हरे रंग की शर्ट में दिखाई दिया। दोनों की उम्र कम बताई जा रही है। चोरी करने के बाद चोरों ने पास ही स्थित गोपू बेकरी की गोदाम में भी ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। ताले को नुकसान पहुँचाने और शटर पर खरोंच के निशान मिले हैं। इस घटना ने नगर के व्यापारियों में भय पैदा कर दिया है। पहले कभी ऐसी वारदात नहीं हुई थी। अब व्यापारी सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं। घटना की शिकायत पीड़ित व्यापारी दिनेश साहू ने पाण्डुका थाना पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि चोरी जैसी घटनाओं की जड़ में युवाओं में बढ़ती नशाखोरी और अवैध शराब कारोबार है। शाम होते ही चौक-चौराहों पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। नगरवासियों ने प्रशासन से नगर में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने और रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। व्यापारी वर्ग ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की अपेक्षा जताई है। साथ ही नगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता बताई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# उदंती रिजर्व में सौर ऊर्जा से वन्यजीवों को मिल रहा पानी, मानव-पशु संघर्ष में कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व (यूएसटीआर) प्रबंधन शुष्क ग्रीष्म ऋतु के दौरान सौर ऊर्जा से संचालित समाधान के ज़रिए अपने वन्यजीवों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है। इसके अलावा, शिकार–रोधी शिविरों का सौर विद्युतीकरण भी किया जा रहा है जिससे जंगलों के भीतर चौबीसों घंटे गश्त करने वाले सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो रही है। इसके लिए, अर्थ ब्रिगेड फ़ाउंडेशन ने सौर पंपों और बैटरियों व इनवर्टरों से युक्त सौर विद्युतीकरण व्यवस्थाओं की आपूर्ति और स्थापना को प्रायोजित किया है, जिससे राज्य शासन को 17 लाख रुपये की सीधी बचत हुई है। अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन ने जिम कॉर्बेट, कान्हा, पन्ना, दुधवा आदि जैसे अन्य टाइगर रिजर्व में भी इसी तरह की परियोजनाएँ संचालित की हैं। सौर पंप वन्यप्राणियों को पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे ताकि वे ऐसे समय में हाइड्रेटेड रहें जब चिलचिलाती गमएँ असहनीय होती जा रही हो। सौर पंप किफायती और पर्यावरण के अनुकूल दोनों हैं, जो रिजर्व के कार्बन उत्सर्जन को कम करेंगे। इस पहल के साथ, उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व के अधिकारियों का लक्ष्य रिज़र्व के वन्यजीवों को आवश्यक राहत प्रदान करना और पानी की कमी से उत्पन्न होने वाले संभावित मानव–पशु संघर्षों को रोकना है। इससे पहले, वन विभाग ने 2025 के ग्रीष्म ऋतु के लिए टाइगर रिज़र्व में सात सौर पंप लगाए थे। हाल ही में अर्थ ब्रिगेड फ़ाउंडेशन ने जंगलों के भीतर 5 स्थानों पर सौर पंप लगाए हैं और 3 अवैध शिकार विरोधी ▶▶|शेष पेज 12 पर

# आधी रात विधायक साहू ने रोका अवैध रेत से भरा हाईवा, अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम/ फिंगेश्वर

रविवार देर रात 11 बजे राजिम विधायक रोहित साहू ने बोरसी गांव के पास एक तेज रफ्तार रेत से भरे हाइवा को रोका। एक कार्यक्रम से लौट रहे विधायक ने जब चालक से पूछताछ की, तो पता चला कि यह हाइवा बिरोदा घाट से रेत लेकर आ रहा था, जबकि एनजीटी के नियमों के अनुसार 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन और परिवहन पर प्रतिबंध है। अवैध परिवहन देखकर विधायक रोहित साहू भड़क गए। उन्होंने तुरंत मौके से ही राजिम एसडीएम विशाल महाराणा और गरियाबंद के माइनिंग अधिकारी को फोन किया और सख्त लहजे में उन्हें तत्काल वहां पहुंचकर कार्रवाई करने को कहा। विधायक के कड़े तेवर को देखते हुए, सभी अधिकारी बिना देर किए मिनटों में मौके पर पहुँचे और हाइवा पर विधि-सम्मत ▶▶|शेष पेज 12 पर



### प्रशासन पर उठे सवाल

इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विधायक ने कहा कि जिस काम को खनिज विभाग और प्रशासन को करना चाहिए, वह उन्हें खुद आधी रात सड़क पर खड़े होकर करना पड़ रहा है। उन्होंने संदेह जताया कि कहीं न कहीं खनिज विभाग और रेत माफियाओं के बीच मिलीभगत है, जिसके कारण रात के अंधेरे में अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। विधायक ने दोहराया कि उनकी सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी गैरकानूनी काम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके इस कड़े रुख से पूरे गरियाबंद जिले के प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

## बैंक खाते में अज्ञात व्यक्ति द्वारा ₹40,000 जमा

# स्वीकृत आवास के लिए दोबारा पैसा जमा, दस्तावेजों से छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत भरुवामुडा के ग्राम हिराबतर में पीएम आवास चोरी होने की खबर सामने आने के बाद आनन फानन में बिसाहू राम के बैंक खाते में नगद किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चालीस हजार जमा कर दिया गया। बिसाहू राम गोंड का आवास वर्ष 2017 में स्वीकृत हुआ था, तीन किश्तों में राशि एक लाख तीस हजार रुपए भुगतान भी हों गया आवास पूर्ण भी हों गया। यह सब पीएम आवास वेबसाइट पर दिख रहा है। आवास चोरी की खबर प्रकाशित होने के जनपद पंचायत छुरा के प्रभारी सीईओ (मूल पद क्षेत्र संयोजक) ने तकनीकी सहायक पवन ध्रुव, पंचायत सचिव सुबल सिंह, आवास मित्र को हिराबतर गांव भेजकर आवास हितग्राही से कागज में अंगूठा निशान लगवाकर चालीस हजार रुपए बैंक खाते में आने का जिक्र किया गया है। तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव ने बिसाहू राम निरक्षर के बयान में लिखा है कि वर्ष 2025-26 में आवास स्वीकृत लिखा हुआ है, जब वेबसाइट में वर्ष 2017 में आवास जारी हो गया तो वर्ष 2025-26 में दोबारा आवास एक ही व्यक्ति को कैसे मिल सकता है। जनपद पंचायत प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी अपने अपराध को छुपाने के लिए फर्जी स्वीकृति वर्ष 25-26 में गरीब के बयान में लिखवा कर मंगलवार को कलेक्टर टीएल बैठक में बचने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिया। प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी द्वारा न जाने कितना फर्जीवाड़ा किया होगा यह तो जांच का विषय है।पीएम आवास वेबसाइट 2025-26 में बिसाहू राम गोंड ▶▶|शेष पेज 12 पर



### पैसा दिया गया है

इस संबंध में आवास मित्र राधे सेन, पंचायत सचिव सुबल सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में आवास स्वीकृत था, जिसका पैसा अभी दिया गया हैं मैं नहीं जानता कौन खाता में डाला गया है। वर्ष 2025-26 में स्वीकृत नहीं हुआ है शायद बदले में अभी आवास का पैसा दिया गया है। हमने सीईओ के कहने पर बयान लिखकर बिसाहू राम गोंड से अंगूठा निशान लगवाकर सीईओ को दिया है।

# हिंदी भाषा नहीं, भावों की अभिव्यक्ति : ओमकुमारी

**नवापारा-राजिम।** नगर की समाजसेवी एवं महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली संस्था अमृत वाहिनी ने रायपुर रोड स्थित गुलाब गार्डन में हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया। सदस्यों ने हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। दैनिक बोलचाल में हिंदी भाषा के पठन पाठन पर जोर दिया। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने हिन्दी की कविता /"हिंदी की बिंदी, भाषा का श्रृंगार है/" सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने राष्ट्रभाषा हिन्दी को सरल एवं सभी का स्वीकार्य भाषा बताया। हिंदी एकमात्र भाषा है जिसके सहारे हम देश के किसी कोने में जाकर संवाद स्थापित कर सकते है। हिंदी भाषा नहीं बल्कि भाव की अभिव्यक्ति है। हिंदी जन-जन की भाषा है। हिंदी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में सरिका ठाकुर, रेवती साहू, अंजू अग्रवाल, रेणुका तिवारी, मीना पाटकर, ढीलन कावाले, वंदना साहू, देवकी साहू, रत्ना साहू, डाली राजपूत, विभा राजपूत, गोपेश्वरी साहू, गोमती साहू, रोशनी धेवर, रितु वर्मा, मंजू साहू,कुसुम सोनी, मंजू ममता साहू, जयश्री ठाकुर ,प्रिया श्रीवास्तव, वन्या अग्रवाल, उत्तरा पाटकर,अंजू पाटकर ने भाग लिया।



# एससीआर के दायरे में आएंगे 700 गांव, राज्यपाल की मिली अनुमति, अब बनेगा कानून

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ का नया स्टेट कैपिटल रीजन यानी एससीआर अब जल्द ही आकार लेने की तैयारी में है। राज्य सरकार को अपनी इस अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना के लिए राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इस एससीआर का एक्ट बनाने की तैयारी कर ली है। बताया गया है कि सरकार का विधि विभाग कानून बनाने की तैयारी में लग गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट में जुलाई में इस प्राधिकरण के गठन संबंधी विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई थी। बाद में इसे राज्य विधानसभा से पारित कराया गया था। इसके बाद विधेयक को राज्यपाल के पास अनुमति के लिए भेजा गया था। एससीआर हाल-फिलहाल की कवायद नहीं है। 2023 में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने एससीआर बनाने का वादा किया था। यह वादा पूरा करने वाला काम भी है।

**सीएम होंगे प्राधिकरण के अध्यक्ष, 50 लाख जनता को लाभ**

**रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई और दुर्ग शामिल होंगे**

## राज्य की सबसे बड़ी संस्था बनेगी

छत्तीसगढ़ में बनने वाला एससीआर प्राधिकरण राज्य की सबसे बड़ी संस्था होगी। खास बात ये है कि एससीआर की परिकल्पना हैदराबाद की एससीआर से प्रेरित है। इस प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। उनके साथ तीन मंत्री और वरिष्ठ सचिवों का एक समूह भी शामिल होगा। इस प्राधिकरण को लैंड एरिया डेवलपमेंट, भूमि अधिग्रहण का अधिकार होगा। क्षेत्र का विकास करने के साथ ही यह पर्यावरण की रक्षा के लिए भी काम करेगा। इसका दायरा रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई दुर्ग तक होगा, लेकिन जरूरत पड़ने पर इसमें अभनपुर और राजनांदगांव तक का विस्तार किया जा सकेगा।




## 50 लाख आबादी को सीधा लाभ

इस प्राधिकरण के मौजूदा स्वरूप में रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई और दुर्ग शामिल होंगे। आने वाले बरसों में इस क्षेत्र में 50 लाख की आबादी संभावित है, जिसे एससीआर प्राधिकरण के विकास का सीधा लाभ मिलेगा। राज्य सरकार ने बजट में इसके लिए प्रारंभिक रूप से 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था, लेकिन इसमें दो हजार करोड़ रुपए व्यय होने की संभावना है।

## 23 नगरीय निकाय और 700 गांव होंगे शामिल

राज्य की कुल जनसंख्या का 27 प्रतिशत हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रहता है। जो कि 2047 तक बढ़कर 45 प्रतिशत होना संभावित है। इस शहरी आबादी का मुख्य हिस्सा राजधानी क्षेत्र में रहने वालों का होगा। इस क्षेत्र में (एससीआरए) में 23 नगरीय निकाय और 700 से अधिक गांव शामिल होने का अनुमान है।

## प्राधिकरण करेगा ये काम

*छत्तीसगढ़ में वर्तमान में नगर तथा ग्राम निवेश एक्ट 1975 के माध्यम से काम किया जा रहा है। यह एक्ट केवल ले-आउट पास करने और भवन निर्माण की अनुमति देने तक के सीमित अधिकार रखता है, लेकिन इससे उलट एससीआर प्राधिकरण न केवल इन्वेस्टमेंट प्लान बनाने का काम करेगा, बल्कि उसके क्रियान्वयन का अधिकार भी इस प्राधिकरण के जिम्मे होगा। पर्यावरण सरंक्षण के लिए भी काम एससीआर प्राधिकरण के हिस्से पर्यावरण संरक्षण का भी काम होगा। इसके लिए प्राधिकरण खुद योजना बनाएगा और उसका क्रियान्वयन भी करेगा। इसके साथ ही औद्योगिक विकास और आवासीय क्षेत्र विकास भी करने में यह प्राधिकरण सक्षम होगा। यह प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में लैंड डेवलपमेंट का काम भी करने वाला है। यह प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में लैंड डेवलपमेंट का काम भी करने वाला है।*

## खबर संक्षेप

### सरजूबांधा मुक्तिधाम परिसर में लगाए आम के पौधे



**रायपुर।** सामाजिक भवन में रविवार को कृष्ण मित्र फाउंडेशन की पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। इस दौरान रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी द्वारा स्वीकृत 5 लाख की राशि से प्रारंभ होने वाले कार्यों के संबंध में भी चर्चा की गई। पितृपक्ष के अवसर पर पुरखों की स्मृति में 10 आम के पौधे सदस्यों ने सरजूबांधा मुक्तिधाम परिसर टिकरापारा में लगाए। इसके बाद बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 21 सितंबर को सुबह 9 बजे समस्त ज्ञात, अज्ञात मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मुक्तिधाम परिसर में स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में पं. लक्ष्मी नारायण शर्मा के सानिध्य में पिंडदान का कार्यक्रम जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष माधवलाल यादव ने देते हुए बताया कि पौधारोपण करने वालों में प्रो. बीरेंद्र चौरसिया, मीना यादव, आभा बघेल, रतन जैन, माधव यादव, गोवर्धन झंवर, प्रेम बाई धीवर आदि शामिल थे।

### प्रतिभाशाली छात्र हिमेश की उच्च शिक्षा का पूरा खर्च उठाएगी संस्था



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवक संघ एवं उपसमिति एकादश उत्थान यादव कल्याण संघ द्वारा समाज के मेधावी छात्र हिमेश कुमार यादव को प्रोत्साहित करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। हिमेश कुमार यादव ने हाल ही में 12वीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया, जिससे पूरा यादव समाज गौरवान्वित हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले हिमेश की आगे की पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए संघ ने उनके संपूर्ण उच्च शिक्षा का दायित्व उठाने का निर्णय लिया है। संघ की पहल पर हिमेश का प्रवेश कलिंगा विश्वविद्यालय में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) में कराया गया है। इस अवसर पर नरेश यादव, परसराम अहीर यादव, रामेश्वर यादव, सुरेश कुमार यादव, प्रभाकर कांत यादव, अलख यादव आदि उपस्थित रहे।

### इस साल चांदी के दाम 43 हजार और सोने के 34 हजार बढ़े

# 9 माह में सोना 34 हजार महंगा, चांदी ने तोड़ा रिकार्ड, पकड़ी डेढ़ लाख की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सोने और चांदी की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। इतिहास में पहली बार चांदी सवा लाखी हो गई है। यानी चांदी के दाम सवा लाख के पार हो गए हैं। शनिवार को जब बाजार बंद हुआ तो चांदी के दाम 131800 रुपए थे। सितंबर के 13 दिनों में चांदी के दाम नौ हजार बढ़े हैं। इसी के साथ सोने के दाम दो सप्ताह के बाजार में 6450 रुपए तक बढ़े हैं। जो चांदी अगस्त के अंतिम दिन 122800 रुपए थी, वह अब 131800 रुपए किलो हो गई है। इसी तरह से जो सोना 106800 रुपए था, वह अब 113250 रुपए हो गया है। अब सोना जहां सवा लाखी बनने के रास्ते पर है, वहीं चांदी के दाम डेढ़ लाख की तरफ जा रहे हैं।

नए साल में ही सोने और चांदी की कीमत में बहुत तेजी से इजाफा हो रहा है। इसके पीछे का बड़ा कारण अमेरिका का टैरिफ वार है। सोने की कीमत लगातार बढ़ने के कारण में इसमें निवेश भी ज्यादा हो रहा है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थे। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई। दो जून में कीमत फिर से एक लाख के पार हो गई। इसके बाद फिर से कीमत कम हुई और अब तो लगातार इसके दाम बीते ढाई माह से ही एक लाख के पार ही रहे हैं। इसी तरह से चांदी के दाम पहली बार फरवरी में एक लाख के पार गए जो अब सवा लाख के पार हो गए हैं।





**पहली बार 21 अप्रैल को रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थे**

**चांदी के दाम पहली बार फरवरी में एक लाख के पार गए, अब कीमत सवा लाख से ज्यादा**

## चांदी की कीमत में 43 हजार का इजाफा

चांदी की कीमत भी अब नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। चांदी की डिमांड ज्यादा होने के कारण इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं। चांदी के दाम तो सोने से भी तेजी से बढ़ रहे हैं। एक समय सोने और चांदी के दाम बराबरी पर चल रहे थे। लेकिन चांदी ने सोने को पीछे छोड़ते हुए सवा लाख की कीमत को पार कर लिया है। अब इसके दाम तेजी से डेढ़ लाख की तरफ जा रहे हैं। चांदी के दाम एक जनवरी को 88500 रुपए थे। इस समय इसके दाम 131800 रुपए है। इस साल इसके दाम अब तक 43300 रुपए बढ़ चुके हैं।

## सोने के दाम 34 हजार बढ़े

*इस साल जनवरी से अब तक सोने के दाम 34 हजार रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अप्रैल में पहली बार कीमत एक लाख तक पहुंची। इसके बाद दाम घटे नहीं हैं। इस समय सोने की कीमत 113250 रुपए है।*

# थाने के सामने किया आत्मदाह, महिला की अस्पताल में मौत


पति प्रताड़ित महिला खुद पर आग लगाकर थाने के अंदर घुसी, मची अफरा-तफरी
15 मिनट इंतजार के बाद पहुंची 112 की टीम
पति पर आरोप
पुरानी बस्ती पुलिस ने काउंसिलिंग के लिए भेजा था

- कोतवाली क्षेत्र के महिला थाने की घटना
- काउंसिलिंग में शामिल होने आई महिला ने खुद को लगा ली थी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला थाने के सामने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाली महिला की उपचार के दौरान रविवार को डीकेएस अस्पताल में मौत हो गई। आग से महिला 70 प्रतिशत झुलस गई थी।

कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की पड़ताल कर रही है। 10 सितंबर को महिला अपने ऊपर किसी दूसरी जगह से पेट्रोल उड़ेलकर महिला थाना के सामने 15 मिनट बैठी रही। इसके बाद वह खुद को आग लगाकर दौड़ती हुई महिला थाने के अंदर घुस गई। महिला थाने में उपस्थित स्टॉफ अग्निदग्धा महिला की आग बुझाकर उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। आत्मदाह करने वाली महिला पुरानी बस्ती निवासी वर्षा देवांगन गोस्वामी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। महिला काउंसिलिंग के लिए यातायात थाने आई थी। इसके बाद महिला थाने के सामने पहुंचकर खुद को आग के हवाले कर दिया। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। वर्षा ने पांच वर्ष पूर्व अपने पड़ोसी शिवम गोस्वामी से प्रेम विवाह किया था। शिवम आदतन जुआरी होने के साथ-साथ सट्टा भी खेलता था। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच झगड़ा होने लगा। जिसकी शिकायत महिला ने पुरानी बस्ती थाने में कई बार की थी।

## पुलिस ने भेजा था काउंसिलिंग के लिए

पति-पत्नी के बार-बार झगड़े को देखते हुए पुरानी बस्ती पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के पूर्व दोनों को काउंसिलिंग के लिए महिला थाने भेज दिया। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया है कि थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद शिवम, वर्षा को पहले से ज्यादा प्रताड़ित तथा मारपीट करने लगा था। साथ ही वर्षा को उसकी तथा उसके भाई की हत्या की धमकी देने लगा। मारपीट से परेशान होकर वर्षा ने स्वयं के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर ली।

## डब्लूआरएस मैदान में इस बार 101 फीट का रावण, कुंभकर्ण-मेघनाथ की ऊंचाई 80 फीट

**रायपुर।** राजधानी के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित ऐतिहासिक दशहरा मैदान में विजयादशमी के मौके पर 101 फीट ऊंचा लंकेश का पुतला लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। लंकापति के साथ उनके भ्राता कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाथ की 80-80 फीट की प्रतिमा नजर आएगी। प्रसिद्ध मूर्तिकार एम. रवि राजा के कुशल मार्गदर्शन में रावण के सिर का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। सोमवार से बांस का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए कोलकाता, खड़गपुर और बंगाल से 20 कारीगरों की टोली रायपुर पहुंचेगी। आयोजन से जुड़े रमना राव के मुताबिक, कारीगरों की टोली दशहरा मैदान में सोमवार से आयोजन स्थल पर दिन-रात रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों को तैयार करने जुट जाएगी। नेशनल क्लब रायपुर के संयोजन में दशहरा उत्सव समिति डब्ल्यूआरएस स्थित दशहरा मैदान में 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व को यादगार बनाने की तैयारी में जुट गई है। लंकेश के तीन आकार के सिर का निर्माण डब्लूआरएस के दशहरा मैदान में किया जा रहा है। इसमें सबसे बड़ा चेहरा 25 फीट, दूसरा 20 फीट और तीसरा चेहरा 15 फीट इस तरह तीन आकार के दस सिर बनाए जाएंगे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष चयन के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चयन के लिए हुई एक विशेष बैठक में पर्यवेक्षक के सामने 9 युवाओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत किया जिसमें विशेष रूप से वर्तमान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा सहित रामा यादव ,राजा चावला ,मंगराज सोनकर ,राकेश सोनकर ,सचिन बंगानी ,अर्जुन साहू ,युवराज पांडे,रामरतन निषाद शामिल है। इन सभी युवाओं से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक के रूप में रविवार को नवापारा पहुंचे पंडरिया के पूर्व विधायक ममता चंद्राकर बंद कमरे में वन टू वन चर्चा की। चर्चा के दौरान सभी युवाओं ने अपने दावेदारी को मजबूत बताया। इन 9 युवाओं का नाम पर्यवेक्षक द्वारा प्रदेश कांग्रेस के समक्ष रखा जाएगा। फाइनल वही से होगा। सूत्रो की माने तो सप्ताह-दस दिन के भीतर पूरे प्रदेश में शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के नए अध्यक्षो की घोषणा कर दी जाएगी। बता दें कि संगवारी कार्यालय में हुई इस बैठक में पर्यवेक्षक ममता चंद्राकर के अलावा पूर्व विधायक धनेंद्र साहू एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा भी मौजूद थे। परंतु बंद कमरे में सिर्फ पर्यवेक्षक ममता चंद्राकर ने दावेदारो से अलग-अलग चर्चा की। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष चयन हेतु पंडरिया की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर को पर्यवेक्षक के रूप नियुक्त किया। वे यहां संगवारी कार्यालय में पहुंची और चर्चा की। जानकारी के मुताबिक पूर्व विधायक धनेंद्र साहू और रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष हेतु नाम प्रस्तावित करने का अनुरोध किया। इसे पूरी पारदर्शिता के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का चयन करने की बात कही गई।



### कांग्रेस की एकजुटता महत्वपूर्ण है



चर्चा के बाद पर्यवेक्षक ममता चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस की एकजुटता महत्वपूर्ण है। आप सभी ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की है यह अच्छी बात है। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने सभी के समक्ष खुलकर अपनी बात रखने के साथ ही कहा कि कांग्रेस के हित में जो भी निर्णय होगा उसे हम सब स्वीकार करेंगे। हम सब कांग्रेस के कार्यकर्ता है, धनेंद्र साहू के सिपाही हैं और उनके नेतृत्व में यहां हम कांग्रेस को और मजबूत करेंगे इसका हम आपको आश्वासन देते हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ,पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ,रमेश तिवारी ,युवराज पांडे ,रामा यादव ,अशोक गोलछा ,शिखरचंद बाफना ,सुनील जैन ,राजा चावला ,महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपाली राजपूत ,रेखा तिवारी ,रामकुमार शर्मा ,रामरतन निषाद ,तरुण कंसारी ,हेमंत साहनी ,अर्जुन साहू ,फागूराम देवांगन ,अजय साहू ,सुनील साहू ,बीरबल राजपूत ,चतुर जगत ,मानसिंह ध्रुव ,महेश साहू ,राकेश सोनकर ,मंगराज सोनकर ,अजय गाड़ा ,सौरभ सोनी ,भोला साहू ,गुनीत साहू ,पंकज दास ,रघुवीर निर्मलकर ,दाऊलाल साहू ,भरत सेन ,बल्लू साहू ,समारु साहनी ,विशाल साहनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के लोग मौजूद थे।

पेज 11 के शेष...

### पीएम सूर्यघर योजना...

उत्पादित होगी। शासन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को अपने घरों में 1, 2 एवं 3 किलोवाट क्षमता के संयत्र स्थापित करने की सुविधा दी जा रही है। इसमें उपभोक्ताओं को शासन की ओर से विशेष रियायत भी दी जायेगी। इसके तहत सोलर प्लांट लगाने के लिए 30 हजार से 78 हजार रूपये तक का अनुदान दी जा रही है। शेष राशि को बैंक के माध्यम से चुकाने के लिए ऋण भी प्रदान किया जायेगा। सूर्य रथ रवानगी के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री हेमंत ठाकुर, सहायक अभियंता श्री गणेश प्रसाद सहित विद्युत विभाग के अधिकारी - कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### उदंती रिजर्व में सौर ...

शिविरों (एंटी पोचिंग कैम्पस) का सौर विद्युतीकरण किया है। यह प्रयास महत्वपूर्ण है क्योंकि धमतरी और गरियाबंद में कई प्राकृतिक जल स्त्रोत भीषण गमएँ के दौरान सूख जाते थे। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य तेंदुए, बाघ, भालू, हिरण जैसे जंगली जानवरों को पानी की तलाश में आस–पास के गाँवों और मानव बस्तियों में घुसने से रोकना है, जिससे न केवल टाइगर रिज़र्व के अंदर, बल्कि यूएसटीआर की सीमा से लगे राजस्व एवं टेरीटोरियल क्षेत्रें में भी मानव–पशु संघर्ष का जोखिम कम होगा। उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व एक लोकप्रिय स्थल है, जो अपनी समृद्ध जैव विविधता को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रें से पर्यटकों को आकर्षित करता है। भविष्य में वन–भैंसों और मादा बाघों को स्थानांतरित करने की योजना को देखते हुए वर्तमान सौर–परियोजना वन्यप्राणी–रहवास विकास कार्यों में असरदार साबित होगी। विगत 2.5 वर्षों में टाइगर रिज़र्व में मात्र एक जनहानि घटित हुई है और मानव–वन्यप्राणी द्वन्द प्रकरणों में काफी गिरावट आई है।

### आधी रात विधायक...

कार्रवाई शुरू की। विधायक ने कहा कि अगले 24 घंटों के भीतर क्षेत्र में रेत का कोई भी अवैध परिवहन नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने तुरंत एक छापामार दल गठित करने का आदेश दिया ताकि अवैध खदानों और परिवहन पर नजर रखी जा सके। विधायक ने कहा कि अवैध रेत खनन या परिवहन की जानकारी मिलने पर वाहन को जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने अधिकारियों को भी चेतावनी दी कि अगर लापरवाही मिली तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### स्वीकृत आवास के...

नामक एक भी व्यक्ति का आवास स्वीकृत नहीं है।**जांच का विषय-** बिसाहू राम गोंड का बयान में एक किशत चालीस हजार रुपए बैंक खाते में जमा किंतु आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया हूं, सोलह सितंबर से कार्य प्रारंभ किया जायेगा। 40 हजार रुपए क्या जनपद पंचायत आवास शाखा के द्वारा जमा किया गया या किसी व्यक्ति के द्वारा जो जांच का विषय है। पीएम आवास वेबसाइट में वर्ष 25-26 में बिसाहू राम गोंड नामक किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं है। प्रभारी जनपद पंचायत छुरा सीईओ सतीष चन्द्रवंशी का ऐसा कौन-सा पीएम आवास वेबसाइट है जिसमें वर्ष 2017 एवं वर्ष 2025-26 में बिसाहू राम गोंड पिता फिरतुराम निवासी हिराबतर को दोबारा आवास स्वीकृत हुआ। जो जांच का विषय है। वर्ष 2025-26 में हिराबतर के 42 लोगों का आवास स्वीकृत हुआ है जिसमें बिसाहू पिता फिरतुराम गोंड का नाम नहीं है।

# कुटेना में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुटेना/गरियाबंद

- सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

ग्राम कुटेना पांडुका में 16 सितंबर, 2025 से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। यह धार्मिक कार्यक्रम ग्रामवासियों और साहू परिवार के सहयोग से हो रहा है। कथा का शुभारंभ सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा सिर पर कलश धारण कर मंत्रोच्चार करते हुए यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान पूरा गाँव भक्तिमय वातावरण में डूब गया। पहर 2 बजे, सिरकट्टी आश्रम के पूज्य संत गोवर्धन शरण महाराज ने गोकरण आख्यान और वाराह अवतार पर अपनी प्रथम कथा का वाचन किया। उनके मधुर प्रवचनों से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में विदेशी राम-राधा बाई साहू, तेजराम-गीता बाई साहू और परदेशी राम-रामकुंवर साहू शामिल हैं। इसके साथ ही, गजे राम, भान बाई, उर्मेद राम, कृष्णा बाई, उमेश मोना, ताम्रध्वज, स्वेता, वीरेंद्र, होलाराम सहित गाँव के अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी अपना विशेष सहयोग दिया है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है। यह कार्यक्रम न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह गाँव में एकता और भक्ति का माहौल भी बना रहा है।



### निकाली गई शोभायात्रा

### आगामी दिनों में आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रम

17 सितंबर, बुधवारः श्रीराम व श्रीकृष्ण अवतार की कथा।
18 सितंबर, गुरुवारः नंद उत्सव, बाल लीला और माखन चोरी की कथा।
19 सितंबर, शुक्रवारः गिरिराज पूजा और रासलीला कथा।
20 सितंबर, शनिवारः रुक्मिणी मंगल कथा।
21 सितंबर, रविवारः सुबह 10 बजे से कथा का समापन, जिसमें गीता रहस्य, पूर्णाहुति, मोक्ष, तुलसी विवाह और शोभा यात्रा शामिल होगी।

## खबर संक्षेप



### आवारा कुत्तों ने चितल को दौड़ाया, ग्रामीणों ने बचाया

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 30 किलो मीटर दूर ग्राम जुगाड़ में सोमवार शाम को आवारा कुत्तों की झुंड ने जंगल से चितल को दौड़ाते गांव के तरफ लाया जिसे ग्रामीणों ने कुत्तों से बचाया। चितल गांव के भीतर छलांग लगाते जंगल की तरफ दौड़ गया। इस दौरान चितल लंगड़ा रहा था महत्वपूर्ण बात यह है कि वन विभाग की किसी भी स्थानीय जिम्मेदार कर्मचारियों को इसकी भनक भी नहीं लगी जो वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए जंगल क्षेत्र में तैनात है ग्रामीणों ने चितल की जान बचाई।

### लोक शिक्षक अवार्ड से चोपकर हुए सम्मानित



**नवापारा-राजिम।** कृषि उपज मंडी समिति में सहायक ग्रेड 03 के पद पर पदस्थ शरद चोपकर को उनके शैक्षणिक, साहित्यिक, संस्कृति व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए संत गाडगे लोक शिक्षक अवार्ड 2025 छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से नवाजा गया। श्री चोपकर को राष्ट्रीय मानवधिकार एवं आरटीआई जागरुकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेस भाटी ,प्रदेश अध्यक्ष कलाकार प्रकोष्ठ के सुरेश ठाकुर ,प्रदेश अध्यक्ष बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के निधि चोपकर ,कोनिका ठाकुर ,पूर्णिमा साहू ,अरुण साहू, नागेंद्र तिवारी ,दिनेश शर्मा ,आकाश पांडे ,भूपेश नागवंशी ,डेविड निराला ,दुकालू यादव ,मुन्ना ठाकुर ने बधाई दी है।

### संतोष का प्रसार भारती के रेडियो प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन

**छुरा।** भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित /"माय भारत/" अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम ख के अंतर्गत 120 घंटे के रेडियो प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए देशभर से एनएसएस स्वयंसेवकों का चयन किया गया है।इस गौरवशाली सूची में छत्तीसगढ़ से 17 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है, जिनमें गरियाबंद जिले के शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा के पूर्व छात्र संतोष सोरी का चयन आकाशवाणी केंद्र, रायपुर के लिए किया गया है। संतोष 15 सितंबर से 15 दिसंबर 2025 तक आयोजित रेडियो प्रोडक्शन एवं प्रेजेंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। मीडिया क्षेत्र में युवाओं को सशक्त बनाने की पहल इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रेडियो कार्यक्रम निर्माण, वॉयस मॉडुलेशन, प्रस्तुतीकरण एवं मीडिया तकनीकी कौशल से प्रशिक्षित करना है। नेशनल एकेडमी ऑफ ब्रॉडकास्टिंग एंड मल्टीमीडिया के माध्यम से संचालित इस प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय परिवार ने संतोष सोरी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## निधन

### उत्तम साहू

**छुईहा बेलर।** ग्राम चरभट्ठी निवासी उत्तर साहू का निधन 15 सितंबर को हो गया। वह अंकित प्रकाशन रायपुर में कार्यरत था, तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक शंभू राम साहू के सुपुत्र थे। उसकी गृह ग्राम निज निवास चरभट्ठी से शव यात्रा निकाली गई।



# 5 वर्षों से बदहाल सड़क, कीचड़-पानी से जूझते हैं ग्रामीण, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनी जिस सड़क को कभी क्षेत्र की जीवनरेखा कहा जाता था, वह आज ग्रामीणों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। बिजली ग्राम पंचायत से खुडियाडिही, खुटेरी, सिरींखुर्द और कुण्डेल तक फैली यह सड़क पिछले छह सालों से जर्जर हालत में है, जिससे हजारों लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। सड़क पर भरे पानी और कीचड़ के कारण पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार अक्सर फिसलकर घायल हो जाते हैं। रोज चलने वाली बसों और मालवाहक ट्रकों की चेसिस और पट्टे टूट रहे हैं, जिससे वाहन मालिक और परिवहन कंपनियाँ परेशान हैं। स्कूली बच्चे, बीमार लोग और दिव्यांगों के लिए यह रास्ता किसी जंजाल से कम नहीं है।

### सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे

#### सड़क निर्माण पर गंभीर सवाल

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सड़क का रखरखाव का समय पूरा हो चुका है। लेकिन सवाल यह है कि जिस सड़क को छह साल पहले बनाया गया था, वह सिर्फ छह महीने में ही खराब कैसे हो गई? सड़क से गिट्टी और डामर अलग हो गए थे, जो निर्माण कार्य में घटिया गुणवत्ता की ओर इशारा करता है।



**ग्रामीणों का बढ़ता आक्रोश-** अब ग्रामीण और जनप्रतिनिधि जैसे जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच पद्मा निषाद, बेनी शंकर साहू, देवेंद्र वर्मा और गज्जू सिन्हा ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे। यह सड़क न केवल ग्रामीणों की परेशानी का कारण है, बल्कि सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को भी दर्शाती है।



#### अधिकारियों की लापरवाही

31 अगस्त को जब आईएएस अधिकारी भीम सिंह और मुख्य अभियंता अभिषेक पाटकर समेत कई आला अधिकारी बिजली गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों ने सड़क की समस्या उनके सामने रखी। लेकिन अधिकारियों ने मौके पर जाकर सड़क की हालत देखने के बजाय सिर्फ वीडियो क्लिप देखकर बात खत्म कर दी, जिससे ग्रामीणों में और भी गुस्सा भर गया।

**दिवस :** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में मनाया गया हिंदी दिवस

# हिन्दी हमारी राष्ट्रीय एकता को सशक्त करती है : प्राचार्य साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में मंगलवार को हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य और शिक्षकों ने माँ सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम में बोलते हुए, विद्यालय के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस हमें हमारी मातृभाषा और संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश देता है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक विविधताओं वाला देश है, और हिंदी ही वह भाषा है जिसने विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों को एक सूत्र में पिरोया हुआ है व्याख्याता दिनेश कुमार साहू ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान करना चाहिए और उसके मूल्य को समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि हिंदी



केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं की अभिव्यक्ति का भी सशक्त माध्यम है, जो देश को एकता के धागे में बाँधती है। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं की छात्रा हसीना निषाद ने किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू, कीर्ति निषाद, तोमन राम साहू और आकाश सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### हिंदी अपने आप में समृद्ध भाषा : डॉ. सवि



**राजिम।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ.सविता मिश्रा , एमएल वर्मा,डॉ. समीक्षा चंद्राकर, तामेश्वर मारकंडे, सुश्री चित्रा खोटे, हेमचंद साहू मौजूद थे। प्राचार्य मिश्रा मैम ने कहा कि हिंदी अपने आप में समृद्ध भाषा है जब आक्रमणकारियों ने आक्रमण किया अपनी भाषा स्थापित करने का प्रयास किया है,हिंदी उन सभी भाषाओं को जो अपने में समाहित कर लिया और हिंदी में समावेश हो गया। हिंदी हमारे अंदर आत्मसात हो गया है हिंदी ही हमारी पहचान है। गांधी जी ने भी कहा था कि, अपनी भाषा का सम्मान पहले करना चाहिए। एमएल वर्मा विभागाध्यक्ष ने भाषा के महत्व को समझाते हुए अपने अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले योगेश तारक ने कहा कि भाषा की अपनी अतीत होती है। भाषा के अतीत भाषा के उद्भव एवं विकास को लेकर अपनी बात रखी। विद्यार्थियों ने स्वरचित कविता,गीत एवं भाषण के माध्यम से अपना प्रस्तुतिकरण दिया जिसमें प्रीति, पुष्पांजलि, श्रुति शर्मा ,गुंजा साहू ,गुलशन कुमार, मधु पाल, आकांक्षा, ओजस्वी , देवनंदिनी, गायत्री शामिल थे। संचालन हर्षिता यदु एवं आभार अंजू साहू ने किया।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में मनाया गया इंजीनियर्स डे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय नावापारा कोसमी में सोमवार को इंजीनियर्स डे 2025 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम एम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन पर मनाया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ पी विश्वनाथन एवं इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष टाकेश्वर कौशिक ने अपना उद्बोधन दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल ने इंजीनियरिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युग में साइबर सिक्योरिटी और साइबर हाइजीन की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य है, क्योंकि यह न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। आज मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग को मिलाकर एक नया ब्रांच मैकटोनिक बनाया जा रहा है। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ पी विश्वनाथन ने कहा कि इंजीनियरिंग सभी के लिए खुला ब्रांच है। नई-नई तकनीकों और बहुविषयी दृष्टिकोण के चलते अब सभी शाखाएँ जैसे सिविल, मैकेनिकल, फार्मास्युटिकल और आईटी सेक्टर आपस में जुड़ रही हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग को समाज के विकास, डिज़ाइन, क्रिएशन और इनोवेशन का आधार बताया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष टाकेश्वर कौशिक ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इंजीनियरिंग की महत्ता और इंजीनियर्स के योगदान को समझाया। इसके साथ ही छात्रों के बीच क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियरिंग के छात्र मुकेश द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार द्वारा दिया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग एवं आईटी के सभी छात्र उपस्थित रहे।

# जिला पुलिस ने स्कूल में चलाया साइबर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



गरियाबंद पुलिस ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पोंड के छात्रों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर खतरों से सुरक्षित रहने के तरीके सिखाना था। कार्यक्रम में

ऑनलाइन धोखाधड़ी टीम ने छात्रों को अनचाहे लिंक और एपीके फाइल डाउनलोड न करने की सलाह दी। साथ ही, किसी भी हालत में अपना (वन टाइम पासवर्ड) किसी के साथ साझा न करने की चेतावनी दी।

छात्रों को समझाया गया कि वे अपने बैंक खाते का इस्तेमाल दूसरों को किराए पर न दें। डिजिटल अरेस्ट का भ्रम पुलिस ने स्पष्ट किया कि 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई चीज नहीं होती है। अगर किसी पर कोई मामला बनता है, तो पुलिस सीधे आकर उस मामले की समीक्षा करती है। छात्रों को ऑनलाइन शॉपिंग और ऑनलाइन जॉब के नाम पर होने वाले झांसों से बचने की सलाह दी गई। उन्हें अपने बैंक खातों की नियमित जांच करने और एटीएम कार्ड के ओटीपी को गुप्त रखने के लिए भी कहा गया।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि किसी भी तरह के साइबर अपराध की घटना होने पर, तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। इस जागरूकता अभियान का मकसद छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए तैयार करना है।

# गोड़ समाज ने मनाया चिल्हीडार महापूजा व बेटा जौतिया महाव्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर



गोड़ी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के तत्वावधान में आदिवासी गोड़ समाज की आस्था और संस्कृति का उत्सव प्रतीक राष्ट्रीय चिल्हीडार महापूजा एवं बेटा जौतिया महाव्रत इस वर्ष अपने 18वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन 15 सितंबर 2025, को पीजी कॉलेज मैदान (डोम), कवर्धा जिला कबीरधाम में भव्य रूप से किया गया, जिसमें स्थानीय छुईहा गोड़ समाज की महिला भी यह ब्रत बड़ी श्रद्धा रखी गई और भोजली जागरण कर छूईहा में शोभायात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय चिल्हीडार महापूजा एवं बेटा जौतिया महाव्रत के अवसर पर गोड़ समाज ने एकजुट होकर अपने"धर्म संस्कृति अमर रहे,सेवा सेवा की पारंपरिक नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर स्थानीय गोड़ समाज की महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा और निष्ठा के साथ इस व्रत का पालन किया। परंपरागत विधि से भोजली जागरण किया गया और श्रद्धालुओं द्वारा छुईहा में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला। भोजली मात्र में समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग और महिलाएं, युवती बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे शोभायात्रा के दौरान क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक एकता का वातावरण बना रहा। यह ध्रुव परिवार आजाद चौक, बजरंग चौक होते बस स्टैंड छुईहा पहुंचे। फिर राष्ट्रीय चिल्हीडार महापूजा एवं बेटा जौतिया महाव्रत में शामिल होने बस से रवाना हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हूई। यह महापूजा न केवल धार्मिक अनुष्ठान होगा बल्कि समाज की परंपरा, संस्कृति और एकता का सशक्त संदेश भी देगा। चिल्हीडार महापूजा एवं बेटा जौतिया महाव्रत में शामिल मोनिका चित्र रेखा, राधिका, फूलबासन छेदेया, शांति,गंगा, याशोदा, मनेश्वरी कुलेश्वरी, भारती नेताम, लखनी, लक्ष्मी मनी, गुलेद्र, गंगाराम, विनोद मरई, नितिश टेकराम, लवकुमार राज कुमार गोड़ समाज शामिल हूए।

# प्रचारक शांताराम की अस्थियां तीर्थराज राजिम में विसर्जित



**नवापारा-राजिम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक, दिवंगत शांताराम की अस्थियां सोमवार को छत्तीसगढ़ के तीर्थराज राजिम में महानदी की पवित्र धारा में विसर्जित की गईं। शांताराम के भाई-बहू मंजिरी सराफ और पोते गौरांग सराफ ने पंडित मोहन महाराज के मंत्रोच्चार के बीच यह कार्य संपन्न किया। शांताराम ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक के उच्च पद और सुविधाओं को त्यागकर, उन्होंने हिंदू समाज को संगठित करने का संकल्प लिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रचारक और क्षेत्र संपर्क प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर संगठन को मजबूत किया। शांताराम की इच्छा के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार मदकू द्वीप में किया गया था। उनका व्यक्तित्व सेवा और समाज उत्थान की भावना से भरा हुआ था। उन्होंने मदकू द्वीप के अलावा बैतलपुर की कुष्ठ बस्ती, चंद्रपुर में शिव मंदिर का निर्माण, चिकित्सा सेवाएँ और अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न संगठनों को खड़ा करने में भी उनका विशेष योगदान रहा। शांताराम की अस्थि विसर्जन में संघ और विभिन्न संगठनों के कई प्रमुख कार्यकर्ता और अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू और नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू प्रमुख थे। यह अवसर न केवल शांताराम को श्रद्धांजलि देने का था, बल्कि उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करने और उनके समर्पण से प्रेरणा लेने का भी था।



### नेशनल हाईवे 130सी की जर्जर हालत सड़क किनारे गड्ढों से बढ़ रहे हैं हादसे

**मैनपुर।** रायपुर से देवभोग ओड़िसा को जोड़ने वाले प्रमुख सड़क नेशनल हाईवे 130 सी में झरियाबाहरा बाहरा से लेकर मदांगमुड़ा तक सिंगल सड़क होने के साथ साथ बारिश के इन दिनो में सड़क किनारे दोनों तरफ पटरियों से मिट्टी और मुरम बह जाने से कई जगह तीन से चार फिट गहरे गड्ढे हो गए है जहां वाहन को सइड देने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते सड़क में आए दिनो जाम लग रही है साथ ही सड़क से वाहन उतारते ही गड्ढे में चले जाने से वाहन पलट रही है और राहगिर दुर्घटना के शिकार हो रहे है वाहन चालक बेहद परेशान हो गए है इस समस्या को लेकर गरियाबंद जिला पंचायत के सदस्य श्रीमती नेहा सिंघल ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर भगवान सिंह उईके एवं नेशनल हाईवे के अफसरो को ज्ञापन सौपकर सड़क किनारे पटरियों की मरम्मत करने की मांग किया है साथ ही देवभोग ओड़िसा सीमा तक नेशनल हाईवे सड़क निर्माण कार्य में जो डिवाईडर टीन पट्टी की लगाई गई है वह सुरक्षा के दृष्टी से ठीक नही है श्रीमती सिंघल ने कहा टीन पट्टी के डिवाइडर धारदार होने के कारण कई हादसे हो चूके है टीन पट्टी की जगहा सिमेंट के डिवाइडर लगाने की मांग किया है श्रीमती सिंघल ने कहा यदि 15 दिनों के भीतर सड़क किनारे मरम्मत कार्य नेशनल हाईवे द्वारा नही किया जायेगा तो मजबूरन हम क्षेत्रवासियों के द्वारा श्रमदान कर मरम्मत कार्य करेगें।



# हारने वाले निराश न हो, अपना प्रयास बदस्तुर जारी रखे : अजय चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम



चन्द्रसुर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंचे कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कोई भी खेल हो खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए। खेल में जो हार जाते है उन्हें निराश होने की जरूरत नही है। वे अपना प्रयास बदस्तुर जारी रखे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने कहा। गांव में होने वाले ऐसे आयोजन न केवल युवाओं में खेल भावना को जागृत करते हैं, बल्कि हमारी परंपरागत खेल संस्कृति को भी जीवित रखते हैं। खेलों के माध्यम से समाज में उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है। स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में यह एक सार्थक पहल है। उन्होंने खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू ,होरीलाल साहू , छबिलाल साहू, बिजेंद्र पटेल, पन्ना साहू, तीरथ साहू, खिलेश साहू, तोषण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

**न्यायालय, नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. .........अ/6 वर्ष 2024-25
ग्राम चिपरीडीह प.ह.न. 15 रा.नि.म. पिपरौद तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक /Q/ वा-2/ ना. तह. / 2025 नवापारा, दिनांक 08/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पुसुराम साहू पिता जगत राम साहू निवासी ग्राम चिपरीडीह के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. पिपरौद तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 198/1 रकबा 0.04 हे. भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता सेवक राम पिता जगत राम से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 09/07/2003 को क्रय किया गया है। आवेदक पारिवारिक कारणों से आवेदित भूमि का नामांतरण नहीं करा पाया। जिसके कारण आवेदित भूमि वर्तमान में विक्रेता के वारिसानों के नाम पर दर्ज हो गया है। आवेदक क्रय की गई उक्त भूमि से विक्रेता के वारिसानों का नाम विलोपित कर अपना नाम पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक **23/09/2025** को नियत की गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है ।

मुहर — **नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा**

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कृषि अधिकारी संघ ने मंत्री के नाम पर सौंपा ज्ञापन, 23 को हड़ताल

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर अभनपुर एसडीएम के द्वारा कृषि विकास व किसान कल्याण विभाग मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष आर.के. दास ने बताया कि संगठन द्वारा 15 सितंबर को मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया था जिसके अनुरूप ज्ञापन सौपा गया है साथ ही आगामी 23 सितंबर को जिला स्तर पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन देने की घोषणा की गई है। संघ की प्रमुख मांगों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान संशोधन कर 4300 ग्रेड पे देना, कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण, मासिक यात्रा भत्ता एवं संसाधन भत्ता वृद्धि, पदनाम संशोधन, गैर विभागीय कार्यों से मुक्ति, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने एवं अतिरिक्त प्रभार पर भत्ता देने जैसी बातें शामिल हैं। संघ का कहना है कि जब तक लंबित मांगों का समाधान नहीं किया जाता, आंदोलन चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। ज्ञापन सौपने वाले मे पद्मेश कुंदन शर्मा, श्रीमती संध्या सिंह श्रीमती वर्षा साहू,चंद्रमणि तिवारी, मिथिलेश साहू, सुरेंद्र नेताम अविनाश देवांगन श्रीमती प्रियंका दिवान,तारिक कुरैशी, मनोज नारंग,वागीश वर्मा, योगेश वर्मा, कुमारी दीक्षा नायक,कुमारी संचिता तिर्की , श्रीमती अंजिता लीना मिंज,विजय गुप्ता, नारायण चंद्राकर श्रीमती सरोज कुर्रे,अक्षय प्रताप सिंह भदौरिया ,डेमन सिंह रविन्द्र सोनारे उपस्थित रहे।

## निधन

### रानू साहू

**मैनपुर।** नगर से लगे ग्राम हरदीभाठा के वरिष्ठ नागरिक रानू साहू उम्र लगभग 60 वर्ष का



सोमवार को दोपहर 2 बजे निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**विडंबना : आंगनबाड़ी केन्द्रों की हालात खराब मानिटरिंग नहीं कर रहे अफसर**

# बदहाल आंगनबाड़ी केंद्र, 18 वर्षों से पंचायत भवन में हो रहा है संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के दूरस्थ वनांचल गाँवों में आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत खराब होती जा रही है। इसका मुख्य कारण उचित मॉनिटरिंग और अधिकारियों की बेरुखी है। ओडिसा सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत भुतबेड़ा में पिछले 18 वर्षों से आंगनबाड़ी का संचालन पंचायत कार्यालय भवन से हो रहा है, जबकि इसके लिए लाखों रुपये स्वीकृत किए गए हैं। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए फंड जारी होने के बावजूद कार्य अधूरा पड़ा है। इसी वजह से बच्चों को पंचायत भवन में पढ़ाई करनी पड़ रही है, जहाँ पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। ग्रामीणों का आरोप है कि दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि यहाँ का दौरा नहीं करते। इसी का फायदा उठाकर ठेकेदार मनमर्जी से काम करते हैं, जिसका खामियाजा आदिवासी बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे कई केंद्र हैं, जो झोपड़ियों या निजी घरों से संचालित हो रहे हैं।



### कुपोषण और पौष्टिक आहार की कमी

इन आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पर्याप्त पौष्टिक भोजन नहीं मिल पा रहा है, जिसकी लगातार शिकायतें आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि गरियाबंद जिले में, विशेष रूप से मैनपुर क्षेत्र में, कुपोषित बच्चों की संख्या सबसे अधिक बताई जाती है, फिर भी इन केंद्रों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।




### बुनियादी सुविधाओं का है अभाव

अधिकांश केंद्रों में शौचालय, पीने का पानी, बिजली और खेल के मैदान जैसी मूलभूत सुविधाएँ नहीं हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी नियमित रूप से इन केंद्रों का निरीक्षण नहीं करते, जिसके कारण हालात और भी बिगड़ रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, मैनपुर के परियोजना अधिकारी पीआर ठाकुर ने बताया कि वे लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और जिले के अधिकारियों को इसकी जानकारी भी भेज रहे हैं। हालांकि, जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।



# अमात गोड़ समाज के नवाखाई मिलन समारोह में पहुंचे 80 ग्रामों के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़ के तत्वावधान में इस वर्ष भी नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन घटौद सर्कल के अंतर्गत ग्राम चिन्दाभाठा में किया गया। इस वार्षिक आयोजन में भाठीगढ़ राज के तेरह सर्कल से 80 गाँवों के हजारों लोग, जिनमें मातृशक्ति, पितृ शक्ति, युवा शक्ति और युवती शक्ति शामिल थे, एकजुट हुए। कार्यक्रम की शुरुआत इष्टदेव बुढ़ादेव की पूजा और आरती के साथ हुई, जिसके बाद नवाखाई जोहार भेंट का सिलसिला शुरू हुआ। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने इस परंपरा को बनाए रखने पर जोर दिया, क्योंकि यह पर्व साल में एक बार सभी को एक जगह मिलने, सुख-दुख साझा करने और भाईचारा बढ़ाने का मौका देता है। इस दौरान, नवा चिवड़ा पारंपरिक कोरिहा पत्तों में परोसा गया, जो प्रकृति के साथ उनके जुड़ाव को दर्शाता है।

**समाज के विकास पर विस्तृत चर्चा-** समारोह में समाज के रीति-नीति, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने आदिवासी समाज के बीच आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस आयोजन में सभापति प्रेमसाय जगत, उपसभापति कन्हैयालाल ठाकुर और अध्यक्ष गुजरात सिंह कमलेश सहित कई प्रमुख सामाजिक नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन महासचिव सुखराम नागेश, सचिव रामेश्वर कपिल और सह-सचिव महेंद्र फरस ने किया। समारोह में टीकम कपिल, अमृतलाल नागेश, बुधराम नेताम, जगतु राम ध्रुवा और अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए अपने विचार साझा किए।

# श्री कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के प्रथम चरण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के प्रथम चरण के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रभारी टिकेश्वर मरकाम ने जानकारी दी कि नियमित विद्यार्थियों की परीक्षा 15 से 20 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी। इसमें कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की कक्षाओं की परीक्षाएँ सम्मिलित होंगी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने कहा कि आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और आत्ममूल्यांकन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इनसे विद्यार्थियों में अनुशासन, समय-प्रबंधन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है। आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. प्रेमेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा राष्ट्रीय



शिक्षा नीति 2020 में आंतरिक मूल्यांकन को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग माना गया है। इसका उद्देश्य केवल स्मृति शक्ति की जाँच करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, विश्लेषणात्मक दृष्टि, व्यवहारिक ज्ञान और जीवन-कौशल का विकास करना है। निरंतर एवं पारदर्शी आंतरिक मूल्यांकन से छात्र-छात्राएँ अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का अवसर प्राप्त करते हैं। इस प्रकार यह प्रणाली विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और भविष्य की चुनौतियों के प्रति सक्षम बनाती है। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का यह प्रथम चरण विद्यार्थियों की तैयारी को परखने एवं आगामी मुख्य परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से वनांचल के लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास : विधायक जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर में आज सोमवार को विकाससखण्ड स्तरीय निशुल्क आयुष स्वस्थ शिविर का शुभारंभ बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता पं. योगेश शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच श्रीमती हनिता नायक, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, पारेश्वर नेताम, पुलस्त शर्मा, एसडीएम मैनपुर डॉ. तुलसीदास मरकाम, जिला आयुश अधिकारी प्रवीण चन्द्राकर, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन बागची विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा की क्षेत्र के सैकड़ों लोग आज अपने तकलीफों को लेकर स्वस्थ शिविर में पहुंचे हैं सभी का यहा निशुल्क उपचार कर दवा वितरण किया जाएगा किसी भी किस्म के बिमारियों का उपचार आयुर्वेद से संभव है, उन्होने आगे कहा कि वर्तमान समय में सुखी और स्वास्थ्य रहने के लिए आयुर्वेद अपनाना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद ही एक मात्र तरीका है जिससे सुखमय और निरोगी जीवन बिताया जा सकता है, उन्होने कहा की आज इस शिविर में सैकडो लोगो का चिकित्सा सुविधा का लाभ मिला है। ब्लाक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण धुव ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है, उन्होने कहा दूर–दराज गांव के लोगो को आज भी पराम्पारिक चिकित्सा पद्धति पर भरोसा है। महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि आयुर्वेद आयुश स्वास्थ्य मेला के द्वारा मैनपुर क्षेत्र में लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिया जा रहा है, जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है, उन्होने मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अन्य ग्रामो में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात किया है । इस दौरान आयुष स्वस्थ शिविर के संबंध में चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमन बागची द्वारा विस्तार से बताया गया और उपचार किया जा रहा है ।

■ निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 395 लोगों ने उठाया लाभ





### 395 लोगों का किया गया उपचार

मैनपुर में आयोजित ब्लाक स्तरीय चिकितसा शिविर में आयुर्वेद में 195, होम्योपैथी में 200 कुल 395 लोगों का निशुल्क उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ. सुमन बागची, डॉ. प्रिया वर्मा, डॉ राहूल धृत लहरे, डॉ. स्वाति पटेल, निधी सोनकर, शिखा कुरैटी, काजल साहू, मोहन लाल ठाकुर, नेत्रनंद श्रीवास, बालाराम ध्रुव, मेस कुमार निशाद गिरजा शांकर एवं क्षेत्र ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# गायत्री शक्तिपीठ में नारी एवं युवा जागरण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गायत्री शक्तिपीठ छुरा में एक दिवसीय नारी एवं युवा जागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं और युवाओं को जागरूक कर सकारात्मक दिशा प्रदान करना तथा उन्हें संस्कारवान बनाने की ओर अग्रसर करना रहा। कार्यशाला के दौरान बाल संस्कार शाला, पुंसवन संस्कार, जन्मदिवस संस्कार जैसे जीवनोपयोगी संस्कारों की जानकारी दी गई। साथ ही नशा मुक्ति अभियान, साधना और स्वाध्याय जैसे अभियानों को भी विस्तार से समझाया गया।



प्रशिक्षकों ने बताया कि इन अभियानों के माध्यम से समाज में नैतिकता, संस्कार, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का संचार संभव है। प्रशिक्षक के रूप में चंद्रकला यादव, एम. कुमारी साहू, दीपाली सारस्वत और संध्या यदु दीदी ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम का संचालन मीना यादव ने सुचारू रूप से किया। कार्यशाला में सारा गांव, रसेला, दुल्ला, छुरा, करचाली सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से लगभग 40 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे इन अभियानों को अपने-अपने गांवों में ले जाकर समाज सुधार की दिशा में कार्य करेंगे। गायत्री शक्तिपीठ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को स्वयं जागरूक होकर समाज को जागृत करने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 2026 में होने वाले जन्मशताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए गायत्री परिवार ने संकल्प लिया है कि हर गांव तक गायत्री परिवार के संदेश, संस्कार और संकल्पों को पहुँचाया जाएगा और इसे जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा। ग्रामवासियों और प्रतिभागियों ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि नई पीढ़ी को सही दिशा मिल सके और सामाजिक बुराइयों का उन्मूलन संभव हो सके।

# पीपरछेड़ी में हुआ सेवा पखवाड़ा कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

भारतीय जनता पार्टी मंडल मलेवा अंचल में 12 सितंबर को परिक्षेत्र पीपरछेडी में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला बैठक आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद एवं प्रदेश के आदेशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर गांधी-शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के उद्देश्य से मलेवा अंचल भाजपा मंडल की बैठक आहूत की गई। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री आशीष शर्मा एवं प्रमुख वक्ता के रूप में पारस ठाकुर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, भीमसेन



निषाद जनपद सदस्य, मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, मंडल महामंत्री ईश्वर वर्मा, नारायण सिन्हा सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुभारंभ भारत माता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन एवं महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर संबोधित किया। आशीष शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है और यही से जीत का रथ आगे बढ़ता रहेगा। सेवा पखवाड़ा हमारे लिए केवल कार्यक्रम नहीं है बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है।




# बिजली बिल ने बढ़ाई उपभोक्ताओं की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में इस महीने उपभोक्ताओं को बिजली बिल का तगड़ा झटका लगा है। पहले जिन लोगों के बिल 150 से 200 आते थे,अब उन्हें 800 से लेकर 1000 रूपए के बिल मिल रहा है। इस वजह से मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारीयों के साथ उपभोक्ता का वाद विवाद हो रहा है। ग्राम रसेला के सरस्वती साहनी का कहना है कि पिछले महीने तक 50 से 80 रूपए बिल आता था इस बार 360 रूपए का बिल थमा रहे हैं। मीटर रीडिंग करने वाले का कहना था कि वह इस पर कुछ नहीं कर सकता। शिकायत करनी है तो आफिस जाइये। ऐसे कई लोगों का बिल इस समय 1000 से 1200 तक आया है। पहले बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट तक की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को छूट मिल रही थी। उन्हें आधा बिल ही चुकाना पड़ता था। अब बदले नियम के बाद केवल 6 से 7 प्रतिशत यानी 3 हजार से भी कम उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना के तहत छूट का लाभ मिल पा रहा है। नए नियम से क्षेत्रों के उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित हैं। अधिकांश घरों की मासिक खपत 100 यूनिट से ज्यादा है।

### 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी



इस वजह से उन्हें छूट का लाभ नहीं मिल रहा। पहले हाफ बिल योजना के तहत लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं की संख्या हर साल बढ़ रही थी, लेकिन अब अधिकांश सीधे तौर पर योजना से बाहर हो जाएंगे। नई दरें भी लागू, अगस्त से बिजली टैरिफ में भी करीब 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इसका असर बिलों पर साफ दिख रहा है। परेशान लोगों की आपबीती तुलाराम यादव ने बताया कि पहले हर महीने 250 आता था इस बार 650 रूपए देने पड रहें हैं। लगनु राम यादव ने कहा अगले महीने 1500 था इस बार 2300 रूपए आया है। यह दोगुने से भी ज्यादा है। समझ नहीं आ रहा है कि इतने पैसे कैसे जमा करें। पीएम सूर्य घर का लाभ उठाएं अधिकारी ने बताया कि 100 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को हाफ बिल योजना का लाभ मिल रहा है। उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।







